हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 12 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन
4



## खबर संक्षेप

### अम्बिकापुर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण 14 को

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के तहत जिले में गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-निलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम किया जाना है। ई-निलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अहर्ताधारी बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से ही किया जावेगा। उपरोक्त के संबंध में रेत खदान आबंटन हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं का प्रशिक्षण 14 अक्टूबर (मंगलवार) समय शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) में आयोजित है।

### दुलदुला स्कूल में छात्राओं को साइकिल का वितरण

**जशपुरनगर।** दुलदुला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला में सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत सायकिल वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राजकुमार सिंह ,जनपद सदस्य ममता कश्यप, पिंकी गुप्ता, मेनका बेसरा,विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार नायक,सहायक विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी नरेश चौहान,विकासखंड स्रोत समन्वयक दीपेंद्र कुमार सिन्हा,प्राचार्य निर्मला खलखो जनप्रतिनिधि गण, शिक्षकगण,अभिभावक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों द्वारा छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया ।छात्राओं को साइकिल मिलने पर उनके चेहरों पर प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी । इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को अध्ययन,पर्यावरण संरक्षण,अनुशासन एवम अन्य विषयों पर संदेश दिया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता निर्मला राठौर के द्वारा किया गया ।

### सीएम की पहल पर चार चरणों में मनाया जाएगा करम महोत्सव

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इस वर्ष करम महोत्सव (करमा) आयोजित किये जाने की घोषणा के परिपालन में करम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आदिम जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा करम महोत्सव के आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। करम महोत्सव का आयोजन चार चरणों में होगा। प्रथम चरण ग्राम पंचायत स्तर, द्वितीय चरण विकासखण्ड स्तर, तृतीय चरण जिला स्तर एवं चतुर्थ चरण राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। करम महोत्सव का आयोजन ग्राम स्तर पर 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तर पर 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, जिला स्तर पर करम महोत्सव का आयोजन 1 नवम्बर से 7 नवम्बर तक तथा राज्य स्तर पर 8 नवम्बर से 15 नवम्बर तक करम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक ग्राम की करम नृत्य दल का चयन ग्राम स्तर पर किया जाएगा, प्रत्येक ग्राम पंचायत केवल एक ही दल को विकासखण्ड स्तर के महोत्सव के लिए चयनित करेंगे। विकासखंड मुख्यालय में होने वाले प्रदर्शन के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले करम नृत्य दल जिला स्तर में आयोजित होने वाले महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे। जिला स्तर के प्रस्तुति में अपने जिले में प्रथम स्थान पाने वाले दल प्रदेश स्तरीय करम महोत्सव में शामिल होंगे।

### जनपद उपाध्यक्ष ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**भैयाथान।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने विकासखंड अंतर्गत आधा दर्जन शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई की जानकारी ली और शिक्षकों से सतत मूल्यांकन, उपस्थिति रजिस्टर तथा विद्यालयों में चल रहे रंग-रोगन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने विद्यालयों में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित शिक्षकों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था और स्वच्छता दोनों में सुधार लाना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद उपाध्यक्ष ने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को रोचक और रचनात्मक तरीके से पढ़ाएं ताकि उनकी सीखने की रुचि बनी रहे और उपस्थिति में निरंतर सुधार हो। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग के सभापति अनिमेष दुबे भी मौजूद रहे।

---

### विधायक रायमुनी भगत ने की प्रतियोगिता की शुरुआत

# स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पहले दिन प्रदेश के 204 खिलाड़ियों ने शतरंज की बिसात पर दिखाया जौहर
- विधायक, कलेक्टर एवं सीईओ ने भी शतरंज के दावों में आजमाया हाथ



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ में खेल संस्कृति विकसित करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ आज बालाजी मंदिर के पास स्थित कम्युनिटी हॉल में जशपुर विधायक रायमुनी भगत की उपस्थिति में किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट में पहले दिन 204 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

विधायक भगत ने शतरंज में हाथ आजमाते हुए औपचारिक रूप से खेल की शुरुआत की और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज का खेल मस्तिष्क का एक व्यायाम है जो भारत में पुराने समय से ही खेला जा रहा है। खेल की इस परंपरा से नागरिकों का परिचय कराना और इस क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान छत्तीसगढ़ की सरकार का उद्देश्य है। इस प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन प्रत्येक वर्ष होना चाहिए। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि जिले में स्कूल और जिला स्तर पर खेल के प्रोत्साहन के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं होनी चाहिए। उनका विश्वास है कि जशपुर में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है ,वे आने वाले समय में राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले को नई पहचान दिलाएंगें और विश्व चैंपियन बनेंगे।

उद्घाटन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, नरेश नंदे ,चेस एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी सरोज वैष्णव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर व्यास संग जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने भी शतरंज के खेल में हाथ आजमाया।

शतरंज आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम विश्वास राव मस्के ने जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों, भारत में शतरंज के गौरवशाली इतिहास, टूर्नामेंट की विस्तृत जानकारी के विषय में बताते हुए खिलाड़ियों को उत्साह और खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को कहा। इस दौरान आयोजन समिति के सचिव एवं खेल अधिकारी समीर बड़ा ने आभार व्यक्त किया।

पहले दिन दो राउंड में 204 खिलाड़ियों ने शतरंज खेला। इसमें इंटरनेशनल रेटिंग प्राप्त 38 खिलाड़ी भी शामिल है। स्विस लीग पद्धति से आयोजित इस टूर्नामेंट में 08 साउंड के खेल सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेलने होंगे। पूरे 08 राउंड के प्रदर्शन के अनुसार खिलाड़ियों की रैंकिंग तय की जाएगी । उद्घाटन समारोह में समिति के जॉइंट सेक्रेटरी विनोद गुप्ता, समिति के सदस्य नरेंद्र सिंन्हा, योगेश्वर उपाध्याय, लक्ष्मी शुक्ला, संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय, प्रदीप चौरसिया, कल्पना टोप्पो, सत्य प्रकाश तिवारी, मिंकु बनर्जी , टुमनू गोसाई, सुनील निराला एवं छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन की टीम उपस्थित रही।

# ओडिशा से पकड़े गए गांजा तस्करी के तीन फरार आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- दो महिला समेत एक पुरुष गिरफ्तार, सभी एक ही परिवार के सदस्य

जशपुर पुलिस ने एक बार फिर साबित किया है कि अपराधी कहीं भी छिप जाएं, पुलिस की पकड़ से बच नहीं सकते। ऑपरेशन "अंकुश" के तहत पुलिस ने गांजा तस्करी में फरार चल रहे तीन आरोपियों को उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं । सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं।

मामला थाना बागबहार क्षेत्र के ग्राम कुकरगांव, मोहनीपुरी का है। दिनांक 24 अगस्त 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि कुख्यात निगरानी बदमाश रामप्रताप यादव अपने घर में अवैध रूप से गांजा छिपाकर रखा है। सूचना पर बागबहार पुलिस ने छापा मारा तो आरोपी परिवार ने पुलिस से विवाद किया और घर में ताला बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने विधिवत ताला तोड़कर तलाशी ली तो सोफे, कूलर और स्कॉर्पियो वाहन (क्रमांक CG14MD5804) में छिपाकर रखा गया 16 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4.50 लाख आंकी गई।गांजा के साथ तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो और एक स्कूटी को भी पुलिस ने जब्त किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी रामप्रताप यादव (50 वर्ष) को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।लेकिन उसकी पत्नी गुलाबी यादव (42 वर्ष), बेटा नूरपति यादव (27 वर्ष) और बहू शांति उर्फ नूरो बाई (24 वर्ष) घटना के बाद से ही फरार थे।लगातार तलाश के बाद मुखबिर की सूचना पर 10 अक्टूबर को थाना बागबहार की पुलिस टीम ने उड़ीसा के सुंदरगढ़ ⏭ शेष पेज 4 पर

# पुलिस ने चोरी व गुम हुए 27 मोबाइल मालिकों को लौटाए

**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि संवेदनशीलता और तकनीकी दक्षता का मेल हो तो जनता का भरोसा और मजबूत होता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों से गुम व चोरी हुए कुल 27 मोबाइल फोन ढूंढकर उनके असली मालिकों को वापस किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कंट्रोल रूम में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोबाइल मालिकों को आमंत्रित किया गया था, जहां एसएसपी शशि मोहन सिंह ने स्वयं अपने हाथों से मोबाइल फोन लौटाए। जैसे ही लोगों को उनके मोबाइल लौटाए गए, उनके चेहरों पर खुशी और संतोष झलक उठा। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि गुम ⏭ शेष पेज 4 पर



### तीन माह में मिली बड़ी सफलता

एसएसपी ने बताया कि बीते तीन महीनों में साइबर सेल की सक्रियता और मेहनत से जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों से चोरी व गुम हुए कुल 27 मोबाइल फोन का लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया गया। इन मोबाइल फोनों की बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, और जल्द ही और भी गुम मोबाइल उनके मालिकों तक पहुंचाए जाएंगे।

# दनगिरी जलप्रपातः जशपुर की प्रकृति का अनुपम नज़ारा

**जशपुर ।** जिले के बगीचा ब्लॉक से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर, प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित है दनगिरी जलप्रपात, जो अपने मनोरम दृश्य और गिरते पानी की ऊँचाई के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पानी करीब 100 फीट की ऊँचाई से गिरता है, जो हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह जलप्रपात साल के 12 महीने पानी गिराता है, लेकिन बरसात के मौसम में जलस्तर बढ़ने के कारण इसका दृश्य और भी भव्य हो जाता है।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने इसे अपनी सूची में शामिल किया है। यहाँ पर्यटक जलप्रपात देखने के साथ ही पिकनिक मनाने भी आते हैं। दनगिरी जलप्रपात के चारों ओर फैली हरियाली और घाटियाँ पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को खासा आकर्षित करती हैं। यहाँ का शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य शहर की भागदौड़ से दूर जाकर सुकून पाने का अवसर देता है। पर्यटक यहाँ फोटोग्राफी, पिकनिक और छोटे ट्रैकिंग के लिए आते हैं।



**कश्मीर ,हिमाचल जैसा नजाराः** प्राकृतिक सुन्दर और हरियाली और वादियों और निवासरत ग्रामीणों को उपर से देखने पर यहां का नजारा कश्मीर हिमाचल जैसा नजर आता है। आदिवासी अंचल और ग्रामीण परिवेश दरिश्य मन को मोह लेता है।

**उची पहाड़ियों एवेंचर रोड और रोमांच का सफरः** बारिश के दिनों मे कच्ची सड़को के बीच यहां पहुंचना किसी साहस से कम नही है। जलप्रपात तक पहुँचने का मार्ग जोखिम भरा है। यह मार्ग न केवल साहसिक यात्रियों को रोमांच प्रदान करता है, बल्कि पूरी यात्रा को आनंदमय बना देता है। , फिलहाल यह मार्ग कच्ची सड़क है और बरसात के दिनों में पहुँचने में कठिनाई होती है। यह चुनौती यात्रियों के लिए थोड़ी ⏭ शेष पेज 4 पर

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का किसानों को मिल रहा लाभ



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसानों को केन्द्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा है ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत बन सके इसी कड़ी में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टेम्पू के किसान सुनील भगत द्वारा टमाटर की खेती की गई। उद्यानिकी विभाग से परामर्श बाद टमाटर का जीके देशी किस्म लगाया, जिसमें प्रति एकड़ 9 टन उत्पादन हुआ। उन्होंने बताया कि सीजन अनुसार सब्जी की खेती करते हैं। इस सीजन में लगभग 85 हजार 500 रूपए का टमाटर ब्रिकी किया। कुल लागत राशि राशि काटकर किसान भगत को 55 हजार 500 रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है। किसान द्वारा अन्य योजनाओं का लाभ लेकर खेती किया जा रहा है। अब वे ड्रीप, मिल्चिंग को लेकर खेती की उन्नत विधि से जुड़ने की ओर अग्रसर है।

**अन्य किसानों पर कृषक की सफलता का प्रभावः** ग्राम पंचायत टेम्पू एवं आस-पास के ग्राम पंचायत के किसान सुनील भगत की खेती देख कर, उन्नत खेती करना शुरू कर दिया है। कृषि तकनीक हेतु विभागीय योजनाओं से निरंतर जुड़ रहे हैं। ताकि अधिक लाभ लें सके।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सड़कों और पुल-पुलिया के निर्माण से बदल रही है जिले की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में जशपुर जिले में विकास कार्यों ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है। उनके नेतृत्व में जिले में प्रगति और समृद्धि की नई राहें खुल रही हैं। अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा कही जाने वाली सड़कों और पुल-पुलिया के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इससे जिले की तस्वीर तेजी से बदल रही हैं जो कि आम नागरिकों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन भी ला रही है।

इसी कड़ी में प्रधामनंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दुलदुला विकासखंड में 3 करोड़ 81 लाख 13 हजार रुपये की लागत से 17.22 किलोमीटर लंबी जामपानी से दुलदुला सड़क का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। वर्षा समाप्त होने के उपरांत शेष निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सड़क निर्माण पूर्ण होने पर ग्रामीणों के लिए आवागमन और भी सुगम होगा, जिससे दैनिक जीवन, व्यापार और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान बनेगी।



- पीएम ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 3.81 करोड़ की लागत से जामपानी से दुलदुला सड़क के नवीनीकरण कार्य प्रगति पर

### तेजी से हो रहा अधोसंरचना विकास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार अधोसंरचना विकास की दिशा में हो रहे प्रयासों से जिले के दूरस्थ अंचलों तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। सड़कों के निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के अवसरों तक ग्रामीणों की पहुंच सुलभ हो रही है। स्थानीय व्यापार में तेजी आ रही है और क्षेत्रीय उत्पादों के विपणन को भी बढ़ावा मिल रहा है। सड़कों का यह व्यापक विस्तार न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार ला रहा है। जिले के लोग इन विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं

### प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ

# जिला पंचायत के सभाकक्ष से वर्चुअल माध्यम से जशपुर के किसान सीधे जुड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे देश में आज पी एम धन-धान्य कृषि योजना और दहलन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल के माध्यम से सीधे जुड़े थे।

कार्यकम का सीधा प्रसारण पी एम धन-धान्य कृषि योजना के तहत आज भारत के किसान भाईयों एवं बहनों को 42000 करोड़ रू. से अधिक कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया गया साथ-साथ कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। विधायक जशपुर रायमुनी भगत के द्वारा इस धन धान्य कृषि योजना के बारे में चर्चा करते हुए दलहन एवं तिलहन फसल का रकबा एवं उपज बढाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया, इस कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध विभाग के प्रगतिशील 20 कृषकों (जिसमें कृषि विभाग से उमेशनंद राम, बंधुराम, जगदीश भगत, पैकस, सहरू राम को उन्नत पद्धति से कृषि कार्य एवं दलहन के खेती हेतु, मत्स्य विभाग से अनिल, संदीप, प्रभात, विनोद, अंकित को स्वयं के भूमि में मत्स्यपालन हेतु एवं उरसेला को शासकीय तालाब में पट्टा लेकर मछलीपालन हेतु, उद्यान विभाग से मकुंद, जिले में ऑयलपॉम 5.000 हे. ग्राफ्टेड टमाटर की खेती हेतु, अशोक राम, हाईब्रिड अमरूद की खेती हेतु, पवन राम भगत, ग्राफ्टेड टमाटर की खेती हेतु, मनोज कुमार, ऑयलपॉम 2.000 हेक्टेयर में खेती हेतु, पशुपालन विभाग से अरूण यादव, रामबली यादव, अमर यादव, नंदकुमार यादव, रामसागर यादव को पशुपालन कार्य हेतु) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के कृषि विभाग से 03 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्यपालन विभाग से आईसबाक्स एवं जाल का वितरण, उद्यान विभाग से 05 कृषकों को बीज वितरण एवं आम के ग्राफ्टिंग पौधे का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जिला कलेक्टर रोहित व्यास, अभिषेक कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर के साथ-साथ कृषि विभाग कवच भगत, सहायक संचालक कृषि (नोडल अधिकारी) कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश भगत, करण सोनकर, सहायक संचालक उद्यानिकी, डॉ. महेश बघेल, उप संचालक पशुचिकित्सा सेवाएं एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में धन धान्य कृषि योजना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे देश में पी एम धन-धान्य कृषि योजना और दहलन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र डुमरबहार में आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। पी एम धन-धान्य कृषि योजना के तहत आज भारत के किसान भाईयों एवं बहनों को 42000 करोड़ रू. से अधिक कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र, जशपुर के कृषि अधिकारी इंजी अनिता लकड़ा द्वारा इस प्रक्षेत्र में चल रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में एवं उससे सम्बंधित पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित राकेश पैंकरा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी द्वारा किसानों को शत प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, लखपति दीदी योजना पीएम किसान समान निधि में छूटे किसानों को पंजीयन कराने के साथ में संबंधित कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या कृषि विभाग से सम्पर्क करके सुधरवाने की बात कहीं, राज्य सरकार के विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और सभी किसानों को योजना का लाभ ले पाए इसके लिए विभाग के लोगों को किसानों के सम्पर्क में रहने और फील्ड में रहने की बात कही। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बेदप्रकाश भगता, जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि भारत सरकार किसानों को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों की आय दोगुनी करने में उन्हें सक्षम बनाने के उद्देश्य से किसानों को सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र और राज्य की सरकार कार्यरत है साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र जशपुर में लगे मशरूम प्रदर्शनी का अवलोकन किये और उपस्थित कृषकों को मशरूम उत्पादन करने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात कृषि उपज मंडी समिति पत्थलगांव के सचिव श्री राकेश खैरवार द्वारा मंडी प्रांगण में बने फल-सब्जी दुकानों, आक्सन शेड, कैंटीन, पेयजल व्यवस्था, कृषक विश्रामगृह, शौचालय आदि के सम्बंध में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुनकुरी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय कोतबा के प्राध्यापक व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। पी एम धन-धान्य कृषि योजना कार्यक्रम पूसा दिल्ली में इस केन्द्र के वैज्ञानिक प्रदीप कुजूर सहित जिले के 3 उन्नतशील कृषक उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार जशपुर में भी किया गया, जिसमें श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक जशपुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौय प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला कलेक्टर रोहित व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश भगत, डॉ. वीर सिंह एवं शिव भूआर्य सहित 186 कृषक उपस्थित रहे। इस अवसर पर केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ इंजी. अनिता लकड़ा, मनीष वर्मा, लेपाराम, मनोज नारंगे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कांसाबेल मिथुन चौधरी, प्रेम साय पैंकरा, नरोत्तम यादव, फलेश्वर खुंटे, डी.के. गुप्ता, पुनम यादव, अविनाश टोप्पो, मनीष लकड़ा सहित 53 कृषक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की बैठक 14 को

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा तथा सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिल एवं कृष्णा गुप्ता की उपस्थिति में जिले के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 14 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से सायं 4 बजे तक जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, सूरजपुर में आयोजित होगी। बैठक में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों, सहभागिता एवं जनगणना से संबंधित विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### नगर की संध्या को केतकी रत्न अवार्ड से किया सम्मानित




**बिश्रामपुर।** प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद द्वारा अंतराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी में किया गया,आयोजन में देश विदेश से चयनित 21 साहित्यकार उपस्थित हुए जिन्हें सम्मानित किया गया है,इस आयोजन में बिश्रामपुर निवासी संध्या त्रिपाठी को केतकी साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया,समारोह में बतौर अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री कृष्णा राज एवं नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा के हाथों 21 साहित्यकारों को सम्मान प्राप्त हुआ,आयोजन में संस्था के संस्थापक गोविंद गुप्ता और उनकी पूरी टीम सक्रिय रही।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत बालक स्कूल का सामाजिक अंकेक्षण



**रामानुजनगर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पीसी. सोनी, एसएमडीसी के अध्यक्ष विकास दुबे तथा सांसद प्रतिनिधि सुरेश मरकाम की उपस्थिति में किया गया। अंकेक्षण दल का नेतृत्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुवनेश्वरपुर के प्रभारी प्राचार्य दशरथ राम ने किया। दल में ग्राम पंचायत सरपंच राम सिंह टेकाम, सेवानिवृत्त शिक्षक सीबीएल कुशवाहा, वार्ड पंच शोसन एवं चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी सम्मिलित रहे। साथ ही कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य शासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, विद्यार्थियों की उपलब्धियां, आधारभूत सुविधाएं और शिक्षकों की उपस्थिति जैसे प्रमुख बिंदुओं पर पारदर्शी मूल्यांकन करना रहा। विज्ञान संकाय के प्रभारी गोपाल सिंह ने स्मार्ट टीवी के माध्यम से 20 बिंदुओं पर आधारित विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसे अंकेक्षण दल ने गंभीरता से सुना एवं सराहा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि इस पहल से शैक्षणिक गुणवत्ता में और सुधार आएगा तथा शासन की मंशा अनुसार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व की भावना को बल मिलेगा।

### पीईकेबी फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबलों की धूम



**अम्बिकापुर।** परसा ईस्ट केते बासेन फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा, तीसरा और चौथा दिन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। विभिन्न जिलों की टीमों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। तीन दिनों में कुल छह मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 6 अक्टूबर को दुग्गा बनाम वृन्दावन के मध्य खेला गया जिसमें वृन्दावन ने दुग्गा को 1-0 से हराया। खलेश्वर को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। रैबल पैंथर लुंड्रा बनाम गीना बहार जशपुर मैच मे गीना बहार जशपुर ने 3-1 से जीत दर्ज की। राहुल को 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार मिला 07 अक्टूबर को यूनाइटेड इलेवन अंबिकापुर बनाम बरपारा बलरामपुर के मध्य खेला गया जिसमें बरपारा बलरामपुर ने 3-1 से जीत हासिल की। गोलकीपर गंगा राम को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। 8 अक्टूबर को परसा बी बनाम दादा भाई बैकुंठपुर कोरिया के बीच खेले गए मुकाबला में परसा बी ने 3-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। नील भूषण को मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इसी प्रकार चरचा कालरी बैकुंठपुर कोरिया बनाम स्टार क्लब लखनपुर के बीच मैच खेला गया जिसमें चरचा कालरी ने 3-0 से जीत दर्ज की। आयुष करकेट्टा को 'मैन ऑफ द मैच' सम्मान मिला। जेएफसी कुन्नी बनाम शिवनगर सूरजपुर के बीच हुए मुकाबला में शिवनगर ने 2-0 से मुकाबला जीता।

---

लगातार बारिश होने के कारण उत्पादन में आई कमी

# खरीफ आलू की खुदाई शुरू, मांग में कमी आने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 25 रूपए किलो खरीदा था बीज, बिक रहा 21 रूपए किलो

मैनपाट के किसानों ने खरीफ आलू की खुदाई प्रारंभ कर दी है। इस बार स्थानीय बाजारों में मांग नहीं होने के कारण किसान बनारस की मंडी में अपनी उपज बेच रहे हैं। लगातार बारिश से इस बार उत्पादन कम हो गया है साथ ही आलू की कीमत भी कम मिल रही है जिससे आलू उत्पादक किसान निराश है।

सरगुजा संभाग के पठारी इलाकों में बड़े पैमाने पर किसान खरीफ आलू की खेती करते हैं। इस बार लगातार बारिश होने के कारण खरीफ आलू के रकबे में भारी कमी आई है। बारिश के कारण किसानों ने काफी विलंब से खेती शुरू की। लगातार वर्षा होने के कारण प्रारंभ में खेतों में लगाए गए एक तिहाई बीज सड़ गए। बची फसल में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण बीच-बीच में रोग एवं कीटों का आक्रमण होने के कारण किसानों को फसल बचाने के लिए कई बार कीटनाशक एवं फंगसरोधी दवाओं का छिड़काव कराना पड़ा। समय पूरा होने पर अब किसान आलू की खुदाई करा रहे हैं। इस बार की उपज अपेक्षाकृत छोटी है तथा उत्पादन में भी कमी आई है। किसानों का कहना है कि वे जितना बीज लगाए थे उसका डेढ़ गुना अधिक आलू निकल रहा है। इस बार खरीफ आलू की मांग में भी कमी आई है। एक सप्ताह से किसान अपनी उपज खोद रहे हैं। हर साल खेतों में पहुंचकर पूरी उपज खरीदने वाले व्यापारियों को किसानों ने सूचना भी दी लेकिन अभी तक कोई व्यापारी नहीं पहुंचा है। मजबूरी में किसान स्वयं अपनी उपज को बनारस लेजाकर मंडी में बेच रहे है। बनारस मंडी में आलू 27-28 रूपए किलो जबकि खेतों से 21 रूपए किलो बिक रहा है। मैनपाट अंतर्गत ग्राम सपनादर के किसान महेश यादव ने बताया कि जून में 25 रूपए की दर से बीज खरीदे थे जबकि 21 रूपए किलों की दर से आलू बिक रहा है। बनारस मंडी ले जाने पर प्रति बोरा 120 रूपए से अधिक परिवहन खर्च लग रहा है। ऐसे में जैसे-तैसे लागत निकल रही है। इस बार लगातार बारिश होने एवं उपज कम होने से कई किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। मांग में कमी आने के कारण आगे भी दर में सुधार होने की संभावना कम है।



आलू निकालते श्रमिक।

#### खेतों में पहुंची थी गाड़ियां

बनारस, इलाहाबाद सहित अन्य पड़ोसी राज्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में खरीफ आलू की भारी मांग रहती है। स्वाद बदलने के लिए लोग खरीफ आलू को अधिक पसंद करते हैं तथा महंगा होने के बावजूद खरीदते हैं। इस बार की स्थिति से स्वयं किसान भी हैरान हैं। न तो खरीफ आलू की मांग स्थानीय बाजारों में है न ही बाहर की मंडियों में। पहले व्यापारी अपनी गाड़ियां लेकर खेतों में पहुंच जाते थे तथा मांग बढ़ने पर किसानों को अधिक कीमत देकर उनकी उपज खरीदते थे। इस बार आलू का कारोबार करने वाले मैनपाट के व्यापारी भी शांत हैं। संभाग मुख्यालय के सब्जी व्यापारी भी खरीफ आलू के कारोबार में रूचि नहीं ले रहे हैं। इधर किसानों की मजबूरी है कि समय पर आलू नहीं निकालेंगे तो फसल में सड़न होगी तथा नुकसान बढ़ जाएगा।

#### इन क्षेत्रों में खेती

खरीफ आलू की खेती सरगुजा जिला के मैनपाट, बलरामपुर के सामरीपाट एवं लहसूनपाट तथा जशपुर के बगीचा सहित अन्य पठारी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर की जाती है। मौसम चक्र में बदलाव आने एवं कीट तथा रोगों के प्रकोप से भारी नुकसान होने के कारण खरीफ आलू के रकबे में लगातार कमी आ रही है। पहले मैनपाट में ही 5 हजार एकड़ से अधिक रकबे में खरीफ आलू की खेती होती थी जो अब सिमटकर एक हजार एकड़ से भी कम हो गई है। आलू के खेती के चक्कर में कई किसान कर्जदार बन गए हैं।

---



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख की ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एक अन्य अभी भी फरार

नौकरी लगवा देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि पहले वन विभाग व बाद में हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर 55 वर्षीय संतोष सिंह निवासी बुढ़ा बगीचा राजपुर द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर नपं शिवनंदनपुर निवासी प्रार्थी 32 वर्षीय हमिद अहमद पिता स्व.वहिद अहमद से 8 लाख 9 हजार रुपए की ठगी की है,पुलिस ने बताया कि पीड़ित हमिद अहमद ने लिखित शिकायत दी कि राजपुर निवासी संतोष सिंह और उसका साथी बिश्रामपुर निवासी रामेश्वर प्रसाद ने वर्ष 2022 में उसे वन विभाग व हॉस्टल अधीक्षक पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया तथा भरोसा दिलाने के बाद दोनों ने अलग-अलग किस्तों में 8 लाख 9 हजार रुपए ऐंठ लिए,लेकिन काफ़ी समय गुजरने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही पैसा वापस किया गया,प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस की जांच के दौरान पीड़ित के बयान दर्ज के आधार पर संतोष सिंह को उसके निवास राजपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है,मामले में आईपीसी की धारा 420, 34 के तहत कार्यवाही करते हुए आज शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है, पुलिस ने बताया कि मामले में एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है, उक्त कार्यवाही में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, सहायक उपनिरीक्षक अविनाश सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, आरक्षक अखिलेश पांडेय व अन्य सक्रिय रहे।

---

## आईजी की मौजूदगी में 181 नव आरक्षकों को शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पीटीएस मैनपाट का 11वां दीक्षांत समारोह



मैनपाट स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रदेशभर के कुल 181 नौजवानों ने कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी दीपक कुमार झा शामिल हुए और जवानों की हौसला आफजाई की।

बता दें कि पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मैनपाट में नव आरक्षकों का 11वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस बार दीक्षांत समारोह में कुल 181 जवान शामिल हुए जिसमें कांकेर से 49, नारायणपुर से 36, कोंडागांव से 28, सुकमा से 31 और बीजापुर से 37 जवानों ने परेड ग्राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पुलिस अधीक्षक पीटीएस सचिंद्र चौबे ने मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा का आभार व्यक्त करते हुए दीक्षांत परेड समारोह में शामिल नौजवानों के प्रतिभाओं के बारे में सामान्य जानकारी से अवगत कराते हुए नौजवानों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान आईजी श्री झा ने कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए बहुत ही हर्ष का दिन है, जो आज आप सब पुलिस विभाग के प्रथम स्तंभ में पूर्ण रूप से ट्रेंड होकर आज इस मुकाम को हासिल किया है। इसके लिए आप सभी को शुभकामनाएं, यहां के प्रशिक्षक को भी धन्यवाद जिनके कुशल प्रयास एवं परिश्रम से बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आप सभी ने अनुशासित रहकर निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण के मुख्य रूप से तीन आयाम हैं पहला शारीरिक क्षमता का विकसित करना, दूसरा कानून का ज्ञान एवं तीसरा विभिन्न हथियारों का ज्ञान एवं संचालन जो पुलिस विभाग में कार्यरत रहने के दौरान सभी जवानों को पूरे सर्विस काल तक काम आता है। आरक्षक पुलिस विभाग का नीव होता है जो सीधे तौर पर आम जनता से जुड़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। परित्राणाय साधुनाम जो पुलिस का आदर्श वाक्य है इसे चरितार्थ करना आप सबका मूल कर्तव्य है। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के पुलिस अधीक्षक सहित समस्त प्रशिक्षकों की सराहना भी किए जिन्होंने इंडोर एवं आउटडोर की कक्षाओं में अपना सर्वस्व अनुभव का ज्ञान देते हुए एक बेहतर समाज के निर्माण हेतु सशक्त बनाया। कार्यक्रम के दौरान दीक्षांत परेड समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परेड कमांडर रमेश कुमार मज्जी, एवं सहायक परेड कमांडर ख़ेमन लाल भोयर सहित अन्य जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर आईजी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती सुनीता दास ने किया। इस दौरान एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, एएसपी विशा राकेश पाटनवार, एसडीओपी राजेंद्र मांडवी सहित अन्य मौजूद थे।

### घर की बाड़ी में लगाया था गांजा का पौधा, आरोपी गिरफ्तार

**कुसमी।** नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने घर की बाड़ी में गांजा के पौधे लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना अंतर्गत ग्राम घुईझरिया अमरपुर निवासी किसुन यादव अपने घर की बाड़ी में गांजा का पौधा लगाया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने किसुन यादव के घर में दबिश देकर तलाशी ली। इस दौरान ग्रामीण के घर की बाड़ी में नहानी घर के समीप 1 नग पौधा बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी किसुन यादव को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(क), 20(ख) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।





### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने घटिया निर्माण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 38 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की घटिया निर्माण को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की प्रतापपुर इकाई ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें विद्यालय के निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया है कि यह विद्यालय क्षेत्र के आदिवासी एवं गरीब बच्चों के लिए शिक्षा का एक सशक्त माध्यम बनने जा रहा है, लेकिन यदि निर्माण की गुणवत्ता इसी प्रकार संदेहास्पद बनी रही, तो यह उनके भविष्य के साथ अन्याय होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि निर्माण कार्य को एक निजी ठेकेदार फर्म के माध्यम से कराया जा रहा है, जो निर्माण मानकों का पालन नहीं कर रही है। बावजूद विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही 7 दिवस के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

---

## पार्षद गुप्ता की पहल से छात्राओं की सुनवाई



**भौतिकी के शिक्षक की होगी नियुक्ति**

**रामानुजगंज।** शिक्षा के क्षेत्र में जनप्रतिनिधि की संवेदनशील पहल एक बार फिर रंग लाई है। नगर के वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद एवं शासकीय लरंगसाय महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष विकास गुप्ता के प्रयासों से अब शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को भौतिकी विषय की पढ़ाई में आने वाली दिक्कतों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पार्षद विकास गुप्ता ने बताया कि 8 अगस्त को कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि विद्यालय में लगातार तीन वर्षों से भौतिकी विषय के शिक्षक की अनुपलब्धता के कारण छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यह समस्या उन्हें तब पता चली जब वे अपने वार्ड के अंतर्गत स्थित विद्यालय में आयोजित एक शैक्षिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान छात्राओं ने व्यक्तिगत रूप से फिजिक्स शिक्षक न होने की शिकायत की थी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पार्षद गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा और तत्काल शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। कलेक्टर के निर्देश पर 29 सितंबर को भौतिकी विषय के शिक्षक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** एमजी रोड निजी स्कूल के समीप सड़क हादसे में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। फुन्दुरडिहारी धोबीपारा निवासी शैलेश कुमार सिन्हा आ. वीरेन्द्र कुमार सिन्हा (45 वर्ष) आज सुबह लगभग 10 बजे घर से नाश्ता कर बाइक से निकला था। दिन लगभग 11 बजे से 12 बजे के बीच एमजी रोड निजी स्कूल के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। युवक की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक एमजी रोड निजी स्कूल समीप होटल के पास बाइक को खड़ा कर सड़क की दूसरी ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही मर्ग डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

### शहीद वीर सीताराम कंवर के 167वें शहादत दिवस पर रक्तदान



**प्रतापपुर।** शहीद वीर सीताराम कंवर के 167 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम मायापुर 1 में किया गया साथ ही सरनापारा तिराहा चौक पर शहीद सीताराम कंवर चौक का नामकरण किया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा 20 युनिट रक्तदान किया गया।

चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक व समाज की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रक्तदान मुन्नी, राधेश्याम पैकरा, अर्चना पैकरा,उमेश कुमार, देवेंद्र प्रताप, विजेन्द्र पैकरा, अमरनाथ पैकरा, मुन्नी बाई, सोनी लाल,दुल्हन पैकरा, शिवकुमार पैकरा, परमेश्वर पैकरा, मोहर लाल पैकरा, इन्द्रभान सिंह, जलेश्वर पैकरा, महेंद्र कंवर, सुनील पैकरा, खुलेशवर पैकरा, डॉ. राजेश पैकरा, हरिश्चंद्र पैकरा, मोतीलाल पैकरा द्वारा रक्तदान किया गया। अतिथियों द्वारा शहीद सीताराम कंवर के जीवनी व समाज के संस्कृति संरक्षण और सामाजिक नियमावली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेपी साय, डॉ. राजेश पैकरा, मोतीलाल पैकरा, रावेन्द्र पैकरा, रामवृक्ष पैकरा, राम साय पैकरा, अनिल कुमार पैकरा, गोपाल पैकरा, हरिकेश्वर पैकरा, महेश पैकरा, शिवकुमार पैकरा, विजय पैकरा, रामकुमार सिंह, देव प्रसाद, अनिल कुमार, देवचंद, हरिश्चंद्र पैकरा, शिवधारी पैकरा, उमेश पैकरा, प्रेम साय पैकरा, रामचंद्र पैकरा सहित कंवर समाज के लोग उपस्थित थे।

---

## कांग्रेस में जिलाध्यक्ष के चयन हेतु पहुंची 4 सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आज कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद करेगी रायशुमारी



कांग्रेस के संगठनात्मक नियुक्तियों में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार से सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए रायशुमारी की जाएगी।

इस रायशुमारी के लिए आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने झारखंड राज्य कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 4 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है जिनमे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, भानुप्रतापपुर की विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन मंत्री अमरजीत चावला शामिल हैं। सरगुजा जिले में कांग्रेस अध्यक्ष को चुनने के लिए खिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त यह टीम 11 से 14 अक्टूबर तक जिला संगठन के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा कर रायशुमारी करेगी। 11 अक्टूबर को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में समस्त जिला संगठन के साथ ही साथ ब्लॉक अध्यक्षों और स्थानीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ सामूहिक बैठक होगी। इसके उपरांत आईसीसी की यह टीम वन टू वन मुलाकात कर रायशुमारी करेगी। सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने के इच्छुक उम्मीदवारों से भी वन टू वन मुलाकात होगी। 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक टीम ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा कर रायशुमारी करेगी।

#### नए अध्यक्ष के लिए गहन चर्चा पर बल

कांग्रेस ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 संगठन को मजबूत बनाने के लिए निर्धारित किया है। मौजूदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी इस मामले में पूरे प्रदेश में अग्रणी रहा है। बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने समय से पूर्व मंडल अध्यक्ष और उनकी कमेटियों के गठन के साथ ही सेक्टर प्रभारी और बीएलए की नियुक्ति कर दी। सरगुजा जिले के सभी मतदान केंद्रों में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने बीएलए की नियुक्ति के साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रपत्र में उनकी नियुक्ति को अधिकृत भी किया है। ऐसे ही बूथ लेबल कार्यकर्ताओं को भी रायशुमारी में शामिल कर कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष जी नियुक्ति का लक्ष्य रखा है। आईसीसी की टीम अपने चार दिन के दौरे में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करने के साथ ही साथ जिला संगठन, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ, ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक की कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष, बीएलए सभी से रायशुमारी करेगी। पार्टी के अंदर की राय जानने के साथ ही साथ स्थानीय मीडिया और सामाजिक संगठनों से भी चर्चा कर उनकी राय ली जायेगी। इसके उपरांत नये जिलाध्यक्ष के लिए टीम अपनी अनुशंसा को पार्टी नेतृत्व को देगी।

### अवैध गिट्टी बोल्डर लोड दो ट्रैक्टरों को खनिज विभाग ने किया जब्त

**बिश्रामपुर।** अवैध रूप से ट्रैक्टर में गिट्टी बोल्डर लोडकर परिवहन करने के दौरान खनिज विभाग की टीम ने दो ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। गौरतलब है कि ग्राम बेलटिकरी निवासी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 29 एडी 3262 का चालक जयसाय सिंह व एक बिना नंबर के ट्रैक्टर वाहन चालक व मालिक ग्राम पंचायत भरतपुर निवासी मनबोध द्वारा शुक्रवार को वाहन में अवैध रूप से बोल्डर गिट्टी लोडकर मुख्य मार्केट की ओर जा रहे थे,तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम सतपता में खनिज विभाग की टीम ने उक्त दोनों वाहनों को रोककर कागजात की मांग की गई।



# थ्रिलर सीरीज स्टॉर्म को मिला ऋतिक का साथ, जल्द शुरू होगी शूटिंग

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो ने अपकमिंग ड्रामा सीरीज 'स्टॉर्म'का ऐलान किया है। प्रोजेक्ट से सुपरस्टार ऋतिक रोशन और उनकी कंपनी एचआरएक्स फिल्म्स का एक नया और रोमांचक कोलैबोरेशन शुरू हुआ है। सीरीज को अजीतपाल सिंह ने बनाया और डायरेक्ट किया है, जिसकी दिलचस्प कहानी अजीतपाल सिंह ने फ्रांस्वा लुनेल और स्वाति दास के साथ मिलकर लिखी है। सीरीज को ऋतिक रोशन और ईशान रोशन प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह ऋतिक के लिए स्ट्रीमिंग की दुनिया में पहला कदम होगा। स्टॉर्म में शानदार कलाकारों की टीम नजर आएगी, जिसमें पार्वती थिरुवोथु, आलया एफ, सृष्टि श्रीवास्तव, रमा शर्मा और सबा आजाद लीड भूमिकाओं में होंगी।

लाइफStyle

# दीपिका

## हम एक इंडस्ट्री की तरह काम नहीं करते हैं



दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में आठ घंटे काम करने की शर्त रखी। वह अपनी बेटी की परवरिश में अधिक समय देना चाहती थी। इस वजह से उन्हें फिल्म 'स्पिरिट' से हटा दिया गया। लेकिन, दीपिका अब भी इस मुद्दे पर खुलकर बोल रही हैं। एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने 8 घंटे काम करने की शर्त को जायज बताया। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के वर्किंग कल्चर को लेकर भी सवाल उठाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक इंटरव्यू में दीपिका पादुकोण ने कहा, 'मैं इस बात को लेकर मुखर रही हूं कि इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव लेकर आऊं। क्योंकि, यह बहुत ही क्रूर है। हमारी एक आदत है कि ये तो चलता है। लेकिन मैं उनमें से हूं, जो चाहती है कि चीजें बेहतर हों। अगर हम खुद को एक इंडस्ट्री कहते हैं, लेकिन एक इंडस्ट्री की तरह काम नहीं करते हैं। हम बहुत डिसऑर्गेनाइज इंडस्ट्री हैं। अब समय आ गया है कि हम एक सिस्टम बनाए, एक बेहतर वर्किंग कल्चर बनाएं। इसी इंटरव्यू में दीपिका पादुकोण ने कहा कि वह किसी का नाम लेकर बखेड़ा नहीं करना चाहती हैं। लेकिन, कई मेल एक्टर्स बॉलीवुड में हैं, जो कई साल से सिर्फ 8 घंटे ही काम करते हैं। यहां तक कि वीकएंड पर तो काम करते ही नहीं है। इन बातों को उठाकर दीपिका फीमेल एक्ट्रेस के लिए भी एक बेहतर वर्किंग कल्चर फिल्म इंडस्ट्री में बनाना चाहती हैं। दीपिका पादुकोण वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के लिए मध्य प्रदेश गई थीं। वहां उन्होंने अपने फाउंडेशन लिव लव लाफ के 10 साल पूरे होने को सेलिब्रेट किया। एक्ट्रेस का यह फाउंडेशन देशभर में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाने में अहम रोल निभा रहा है। दीपिका की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह शाहरुख की फिल्म किंगकर रही हैं। इस एक्शन फिल्म में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी एक्टिंग कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# तलाक को बताया दर्दनाक हादसा

**नई दिल्ली।** ब्रैड पिट और एंजेलिना जॉली ने साल 2014 में एक लंबी डेटिंग के बाद शादी की थी, लेकिन 2 साल बाद ही उनकी मैरिड लाइफ में दिक्कतें शुरू हो गईं। दोनों को मोस्ट लव्ड कपल के तौर पर देखा जाता था लेकिन आखिरकार साल 2024 के दिसंबर में दोनों ऑफिशियली अलग हो गए। एंजेलिना जॉली ने ब्रैड पिट संग अपनी टूटी शादी के बारे में बात करते हुए बताया कि उस मैरिज ने उन्हें कितना ट्रॉमा में डाला है। एंजेलिना अपने एक्स हसबैंड ब्रैड पिट के प्यार में इतनी दीवानी थीं कि वो इस तलाक को बर्दाश्त नहीं कर सकीं और अब एंजेलिना ने अपने और ब्रैड पिट के तलाक को अपनी जिंदगी का सबसे दर्दनाक हादसा बताया है।



# अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** गेम ऑफ थ्रोन्स की स्पिन-ऑफ सीरीज 'अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज गोट से 100 साल पहले की कहानी है, जिसमें 'डंक' के स्क्वायर से नाइट बनने और 'एग' के साथ उसके सफर को दिखाया गया है। अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम में डंक के स्क्वायर से लेकर नाइट बनने की जर्नी को दर्शाया गया है, क्योंकि अब वह सर डंकन द टॉल बन चुका है। जब वह एशफोर्ड टूर्नामेंट में जाता है, तो वहां पर कमजोर और मासूम लोगों की रक्षा करने का वचन लेता है, जिसके लिए वह तलवार बाजी भी सीखता है। हालांकि, वहां पर कई लोग ऐसे भी घमंडी टार्गैरियन भी होते हैं, जिन्हें लगता है कि वह बस एक आम आदमी है। गेम्स ऑफ थ्रोन की स्पिन ऑफ सीरीज 'अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम' 18 जनवरी 2026 को एकबीओ और 19 जनवरी को इंडिया में जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हाल ही में न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन में, ऑथर जॉर्ज आरआर मार्टिन, शो रनर इरा पार्कर, एक्टर पीटर क्लाफे और डेक्सटर सोल अनसेल ने इस सीरीज का ट्रेलर फैंस के साथ शेयर किया।



# प्रतिभा दोस्ताना 2 में निभाएंगी लीड रोल

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की दोस्ताना 2 तब से सुर्खियों में है, जब से इसकी घोषणा हुई थी। कई बदलावों की वजह से इस प्रोजेक्ट में देरी हुई है। विक्रांत मैसी भी प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। अब एक नई कास्ट अपडेट सामने आई है। चर्चाएं हैं कि लापता लेडी की स्टार प्रतिभा रांटा को फीमेल लीड के लिए संपर्क किया गया है। प्रतीभा रांटा से रोल के लिए बातचीत चल रही है। जाह्नवी भी प्रोजेक्ट से बाहर हो गई हैं और अपने पहले से तय कमिटमेंट्स के कारण उनके वापस आने की संभावना नहीं है। प्रतिभा अपनी डेब्यू फिल्म लापता लेडीज से नई सेंसेशन बन गई हैं। 'दोस्ताना 2' को लेकर हाल में विक्रांत मैसी ने खुलासा किया कि दोस्ताना 2 वाकई बन रही है और यह धर्मा प्रोडक्शंस के साथ उनकी पहली फिल्म है। लक्ष्य भी दोस्ताना 2 का हिस्सा हैं, जिन्हें साल 2019 में धर्मा ने लॉन्च किया था, लेकिन कई रुकावटों की वजह से उनका बिग स्क्रीन पर डेब्यू देरी से हुआ।



# पहले हफ्ते में अपना बजट तक नहीं निकाल पाई

**मुंबई।** फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ने बीते गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके साथ ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' जैसी फिल्म मुकाबले में रही, जो बॉक्स ऑफिस पर धुआं उड़ा रही है। इतनी मजबूत फिल्म के सामने भी 'सनी संस्कारी...' डटी हुई है। अब भी अपनी लागत वसूलने से यह काफी दूर है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ने 9.25 करोड़ रुपए के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत की थी। दूसरे दिन 5.5 करोड़ कमाए। फिर तीसरे और चौथे दिन शनिवार-इतवार की छुट्टी का फायदा फिल्म का मिला और कमाई में इजाफा हुआ। शनिवार को फिल्म ने 7.5 करोड़ और इतवार को 7.75 करोड़ कमाए थे। इसके बाद हर दिन फिल्म की कमाई लगातार गिर रही है, मगर, अब भी फिल्म करोड़ों में कलेक्शन कर रही है।

## टीवी मसाला



# 10 साल की जाह्नवी ने पिता का सपना किया पूरा

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 की शुरुआत 10 साल की कंटेस्टेंट जाह्नवी के साथ हुई। उन्होंने शुरुआत से ही अच्छा खेल दिखाया। जाह्नवी बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हैं और गरीबों का मुफ्त में इलाज करना चाहती हैं। अमिताभ बच्चन ने उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा कि आपके साथ हमारा आशीर्वाद है, आप जैसा सोचती हैं, वैसा बहुत कम बच्चे सोचते हैं। वे 7.50 लाख रुपए के सवाल पर फंस गईं। हालांकि, वे गलत जवाब देने के बावजूद 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। जाह्नवी से 50 हजार रुपए का दिलचस्प सवाल पूछा गया। सवाल है- 'नोबिताज आर्ट वर्ल्ड टेल्स' किस फ्रेंचाइज की 2025 की एक फिल्म का सबटाइटल है? विकल्प हैं- अ. पोकेमॉन, बी. शिन-चैन, सी. ड्रैगन बॉल, डी. डोरेमोन। कंटेस्टेंट ने विकल्प डी. डोरेमोन को चुना, जो सही जवाब है। उन्होंने 5 लाख रुपए के 10वें सवाल पर लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। वे एक्सपर्ट की मदद से 5 लाख रुपए जीतने में कामयाब रहीं। जाह्नवी ने फिर अपने पापा का सपना पूरा किया। वे बिग बी से बोलीं कि मैं यहां अपने पापा की वजह से हूं, इसलिए मैं उन्हें हॉट सीट पर बैठाना चाहती हूं। जाह्नवी के पिता ट्रेन में छोटा-मोटा सामान बेचकर घर का खर्च चलाते हैं। वे जब हॉटसीट पर बैठे, तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। जाह्नवी के साथ-साथ स्टूडियो में मौजूद सभी लोग इमोशनल हो गए।

## बिग बॉस में आएंगी जॉनी लीवर की बेटी जैमी

**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो बिग बॉस 19 में इस बार कई कंटेस्टेंट्स ऐसे आए हैं जो काफी चर्चा में हैं। उनको लेकर विवाद भी खूब होते रहते हैं। लेकिन, अब खबर आ रही है कि इस शो में एक स्टार भी आने वाली हैं और वो हैं जॉनी लीवर की बेटी जैमी लीवर। हालांकि, इसमें एक ट्विस्ट है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जैमी वीकेंड का वार में नजर आने वाली हैं। वह अपनी कॉमेडी से सबको एंटरटेन करने वाले हैं। इसके अलावा वह कंटेस्टेंट्स के साथ भी खूब मजे लेने वाली हैं। इसके अलावा कुछ मजेदार टास्क भी होंगे। जैमी के बारे में बता दें कि वह सोशल मीडिया स्टार हैं। वह कई सेलेब्स की मिमिक्री करती हैं जो सबको काफी पसंद आती है। इसके अलावा जैमी के शोज भी होते हैं ना सिर्फ इंडिया बल्कि विदेश में भी। जैमी के कॉमेडी स्टाइल को दर्शक हमेशा पसंद करते हैं। इससे पहले एल्विश यादव, अभिषेक मल्हान, हर्ष गुजराल, गौहर खान भी शो में बतौर गेस्ट आ चुके हैं।



# करवाचौथ पूजा के लिए सजीं बॉलीवुड हसीनाएं, अनिल के घर लगा जमावड़ा

**मुंबई।** हर साल की तरह इस साल भी अनिल कपूर के घर पर करवा चौथ की ग्रैंड पार्टी होस्ट की गई है, जिसमें बॉलीवुड की हसीनाओं का अलग ही अंदाज देखने को मिलता है। वहीं, इस साल भी रवीना टंडन, मीरा राजपूत, शिल्पा शेट्टी समेत कई एक्ट्रेस सुहागन का रूप ले शामिल हुई हैं। करवा चौथ सेलिब्रेशन की इस पार्टी में शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत और वरुण धवन की वाइफ नताशा दलाल भी सफेद साड़ी में दूसरी हसीनाओं को बराबर की टक्कर देती हुई नजर आईं। वहीं, इस जश्न में डायरेक्टर कबीर खान की पत्नी और एक्ट्रेस मिनी माथुर भी शामिल हुई हैं। वहीं, हर साल की तरह इस साल भी हसीनाओं का जमावाड़ा अनिल कपूर के घर के बाहर देखने को मिला। जिसमें एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपनी दोस्त के साथ में नजर आई हैं।



### गीता लाल साड़ी और हाथों में पूजा की थाली लिए आईं नजर

*वहीं, शिल्पा पिंक कलर के इस आउटफिट्स में गजब ढा रही हैं। करवाचौथ की इस पूजा में एक्ट्रेस रवीना टंडन भी शामिल हुई हैं, वो इस पार्टी में पीले रंग की साड़ी के साथ सिंपल लुक को कैरी करती हुई दिखाई दे रही हैं। रवीना इस साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अनिल कपूर और सुनीता कपूर की इस हाउस पार्टी में एक्ट्रेस गीता बसरा भी लाल साड़ी और हाथों में पूजा की थाली लिए नजर आ रही हैं। वहीं, संजय कपूर की वाइफ महीप कपूर और चंकी पांडे की पत्नी भावना पांडे भी अपने नए रूप में दिखाई दी हैं।*

# महावतार बाबाजी की गुफा में रजनीकांत ने लगाया ध्यान



**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी सालाना आध्यात्मिक यात्रा पर हैं। बीते दिनों वह ऋषिकेश पहुंचे थे, जहां उन्हें सड़क किनारे पत्तल में खाना खाते देखा गया था। अब उनकी नई तस्वीरें और वीडियोज सामने आई हैं, जिसमें वह उत्तराखंड में महावतार बाबाजी के गुफा में ध्यानमग्न दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियोज में रजनीकांत का सादगी भरा अंदाज देख फैंस 74 साल के एक्टर की बलाएं ले रहे हैं। सिर पर टोपी, जैकेट, सफेद पैंट पहने रजनीकांत हाथ में लकड़ी की छड़ी लेकर चलते हुए दिखाई दिए हैं। फैंस द्वारा ली गई तस्वीरों और वीडियोज में 'कुली' एक्टर बाबाजी की गुफा के बाहर ध्यान लगाते शांत मुद्रा में बैठे हुए हैं। उन्होंने इस दौरान फैंस को भी निराश नहीं किया और बारी-बारी पूरे धैर्य से सबके साथ तस्वीरें खिंचवाई। वीडियो में वह फैंस से बातचीत करते हुए भी नजर आ रहे हैं। वह इससे पहले अपने दोस्तों के साथ कई आश्रम भी गए थे। रजनीकांत हर साल इसी तरह आध्यात्मिक यात्रा पर निकलते हैं। इसमें वह ऋषिकेश से होते हुए ब्रदीनाथ धाम जाते हैं। इस बार उन्होंने महावतारा बाबाजी की गुफा को भी यात्रा का हिस्सा बनाया है। बीते दिनों अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में रजनीकांत ने कहा था, 'हर साल मुझे यह एक नया अनुभव देता है। यह मुझे बार-बार अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरित करता है। मुझे लगता है कि पूरी दुनिया को आध्यात्म की जरूरत है, क्योंकि यह हर इंसान के लिए महत्वपूर्ण है। आध्यात्मिक होने का मतलब है शांति और सुकून का अनुभव करना और मूल रूप से, ईश्वर में विश्वास करना है।'

## हिंदी फिल्मों के गानों में कुछ मुखड़े और लाइनें ऐसी भी हैं जो हमेशा के लिए दिलों में बस गईं

# मशहूर गानों के बोल पर बनीं 3 फिल्में, रिलीज होते ही रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्मों के गाने दिल को सुकून पहुंचाते हैं। हिंदी फिल्मों में कहानी की सिचुएशन के हिसाब से गाने लिखे जाते हैं। कई बार यही सॉन्ग हमारे जीवन की कहानी को दिखाते हैं। हिंदी फिल्मों के गानों में कुछ मुखड़े और लाइनें ऐसी भी हैं जो हमेशा के लिए दिलों में बस गईं। कई लाइनें तो फिल्म का टाइटल बन गईं। ऐसी ही 3 फिल्में 9 साल के अंतराल में पर्दे पर आईं और ब्लॉकबस्टर निकलीं। फिल्म मेकर्स ने इन गानों की पॉप्युलैरिटी को भुनाया और अपनी फिल्म का टाइटल ही इन गानों की लाइन पर रख लिया। इसकी वजह यह रही कि ये लाइनें दर्शकों के दिमाग और जेहन में बस गई थीं। दर्शक को अपनाप फील कराने के लिए यह सब किया। दिलचस्प बात यह है कि यह फॉर्मूला काम आया और तीनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त कमाई की। ये फिल्में थीं : कुछ-कुछ होता है, कोई मिल गया और ओम शांति ओम।

### कुछ-कुछ होता है



सबसे पहले बात करते हैं 16 अक्टूबर 1998 को रिलीज हुई 'कुछ-कुछ होता है' फिल्म की. बतौर डायरेक्टर करण जौहर की यह पहली फिल्म थी. फिल्म में शाहरुख खान, काजोल, रानी मुखर्जी, अनुपम खेर, फरीदा जलाल और रीमा लागू लीड रोल में थे. सलमान खान ने एक छोटा सा रोल निभाया था. फिल्म का म्यूजिक जतिन-ललित ने दिया था। फिल्म का म्यूजिक सुपरहिट रहा था. गाने समीर ने लिखे थे। फिल्म की कहानी, स्क्रीनप्ले करण जौहर ने लिखा था। प्रोड्यूस उनके पिता यश जौहर ने किया था। फिल्म का बजट करीब 10 करोड़ रुपए रखा गया था। इस मूवी ने 106 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। यह एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी। फिल्म की कहानी लव ट्रायंगल पर बेस्ड थी। फिल्म 'कुछ-कुछ होता है' का टाइटल एक मशहूर गाने की लाइन पर बेस्ड है। 1995 में गोविंदा-ममता कुलकर्णी की एक फिल्म 'किस्मत' के एक सॉन्ग से मिलता है। इस फिल्म मे एक सॉन्ग था, जिसके बोल थे : 'महबूब सनम तुझे मेरी कसम, मुझे देख ना ऐसी नजरों से, कि कुछ-कुछ होता है।'

### कोई मिल गया



2003 में डायरेक्टर-प्रोड्यूसर राकेश रोशन ने 'कोई मिल गया' नाम से साइंस-फिक्शन बेस्ड फिल्म बनाई। इस फिल्म में एलियन की कहानी जोड़ी जो कि भारतीय दर्शकों के लिए नई बात थी। इस फिल्म में रितिक रोशन प्रीति जिंटा और रेखा लीड रोल में नजर आए थे। 8 अगस्त 2003 को रिलीज हुई इस फिल्म फिल्म में ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा, रेखा, प्रेम चोपड़ा, मुकेश ऋषि, अंजना मुमताज, जॉनी लीवर और रजत बेदी नजर आए थे। म्यूजिक राजेश रोशन का था जो रिश्ते में ऋतिक रोशन के चाचा हैं। फिल्म की कहानी राकेश रोशन, हनी ईरानी, सचिन भौमिक ने लिखी थी। करीब 30 करोड़ रुपए के बजट में बनी कोई मिल गया ने वर्ल्डवाइड 82 करोड़ का कलेक्शन किया था। यह एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई थी। 2003 की सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाली इस फिल्म में जादू का किरदार इंद्रवदन पुरोहित ने निभाया था। कोई मिल गया को 3 नेशननल अवॉर्ड और 5 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

### ओम शांति ओम



इसी तरह 2007 में शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की एक फिल्म आई, जिसका टाइटल 1980 में आई फिल्म 'कर्ज' के एक गाने की कैच लाइन से लिया गया था।यह फिल्म थी : ओम शांति ओम। फराह खान ने इसका डायरेक्शन किया था। दीपिका पादुकोण की यह डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म का टाइटल 1980 में आई ऋषि कपूर की फिल्म से लिया गया था। दिलचस्प बात है कि दोनों ही फिल्में पुनर्जन्म की कहानी पर बेस्ड हैं। ऋषि कपूर ने फिल्म में स्टेज पर एक गाना परफॉर्म किया था, जिसके बोल थे 'मेरी उम्र के नौजवानों दिल ना लगाना ओ दीवानों...' इसी गाने में एक कैच लाइन है ओम शांति ओम।' कर्ज मूवी फ्लॉप रही थी, लेकिन शाहरुख खान की ओम शांति ओम मूवी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। ओम शांति ओम फिल्म के वजनदार डायलॉग मयूर पुरी ने लिखे थे। फिल्म को प्रोड्यूस गौरी खान ने किया था। यह फराह खान की दूसरी फिल्म थी।

## खबर संक्षेप

### स्टैट बैंक के एटीएम में अचानक लगी आग

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित भारतीय स्टैट बैंक पुसौर में में लगे एसी अचानक ब्लास्ट होने से बगल में स्थित एटीएम में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रबंधन प्रमुख मधुकर एवं उनके स्टाफ ने इसमें धैर्य दिखाया और बगैर किसी हानि के स्थिति को अपने काबु में कर लिया। जानकारी के मुताबिक बैंक के अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने काम में मशगुल थे और ग्राहक भी अपने काम कराने के लिए संबंधित कांउटर में मौजूद थे, तभी ब्लास्ट जैसी आवाज आई और पूरे कार्यालय की लाईट चली गई। वहीं बाहर में खडे लोगों ने भी आवाज लगाई कि एटीएम में आग लग गई है। इतने में एसबीआई प्रबंधक मधुकर एवं उनके स्टाफ ने लोगों को शांति से बाहर जाने की अपील करते हुए अग्निशामक यंत्र के जरिये आग लगे हुए स्थान में अपने सहयोगी कर्मचारियों को भेजा। आग बुझने के बाद एसी के गडबडी में सुधार के लिये संबंधित एक्सपर्ट बुलाए, वहीं बिजली विभाग के लोगों को भी तलब कर कनेक्शन को दुरूस्त किया गया। इस तरह एक घंटे बाद स्थिति सामान्य हो गई। ज्ञात हो कि स्टैट बैंक में इस तरह की स्थिति पहली बार हुई है। यह गडबडी तकनीकी खराबी और वोल्टेज के उपर अप डाउन होने को लेकर बताया जा रहा है।

### करमा का आयोजन होंगे विभिन्न प्रतियोगिता

**पुसौर।** शासन करमा महोत्सव को लेकर इन दिनों काफी संवेदनशील है, जिसके लिए विकासखंड, जिला व प्रदेश स्तर में प्रतिस्पर्धाएं होंगी। सूत्रों के मुताबिक यह जानकारी प्रकाश में आया कि इसके लिए विधिवत सुचनाएं जारी कर दी गई है साथ ही इसका आयोजन कब और कहां होगा यह भी नियत हो चुकी है। कार्यक्रम कलेन्डर के अनुसार ग्राम स्तर पर 1 से 15 अक्टूबर तक करमा नृत्य, करमा गीत जनजातीय लोक गायकों का प्रतिनिधित्व एवं जनजातिय समुदायों में प्रचलित परांगत वाद्य यंत्र का प्रदर्शन के विषय होंगे। इसी तरह 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विकास खंड स्तर पर, 1 से 7 नवम्बर तक जिला स्तर पर तथा 8 नवम्बर से 15 नवम्बर तक प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन होगा। करमा महोत्सव में करमा मण्डलियों को प्रोत्साहन करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। पहले चरण में ग्राम स्तर पर जितने भी करमा मंडलिया हैं उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से एक विजेता करमा मंडली को चुना जाना होगा। इसके बाद दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम से चुने गए करमा मंडली के बीच जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा तथा प्रत्येक जनपद के विजेता करमा मंडलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से जिला स्तरीय विजेता को चुना जाना होगा। जिला स्तरीय विजेता करमा मंडलियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह नगरीय क्षेत्र में भी होगा। प्रस्तुति में लोक वाद्यों को प्राथमिकता दिए जाएंगे, आधुनिक वाद्ययंत्र की बोर्ड पैड आदि शामिल नही होंगे।

### भारी स्कूल बैग पर सरकारी जांच से पहले शिक्षकों की हेराफेरी

**राउरकेला।** बच्चों के लिये शिक्षा जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा भी है। यदि शरीर स्वस्थ न हो तो शिक्षा ग्रहण करना कठिन हो जाता है। इसी भावना से सरकार ने स्कूलों में बच्चों के बैग का भार जांचने का अभियान शुरू किया है ताकि बच्चों को भारी बोझ से राहत मिल सके, लेकिन इस अभियान के दौरान राउरकेला स्थित चिन्मय विद्यालय से चौंकाने वाली जानकारी सामने आई।

## विश्व दृष्टि दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# अधिकारियों ने छात्रों व आमजन को नेत्र सुरक्षा उपाय की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व दृष्टि दिवस 2025 के अवसर पर जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. मीना पटेल और जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के संचालन में जिले के समस्त विकासखंडों में यह आयोजन हुआ।

इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों एवं आमजनों को नेत्र सुरक्षा के उपाय और सामान्य नेत्र रोगों की जानकारी दी गई। जिसमें मधुमेह, मोबाइल व कंप्यूटर उपयोग, बदलती जीवनशैली के कारण होने वाले दृष्टि दोषों जैसे मायोपिया, एम्बलोपिया, आंखों का सुखापन आदि पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मधुमेह रोगियों को हर 6 माह में आंखों की नियमित जांच करानी चाहिए, जिससे आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखा जा सके। बच्चों और नवयुवकों में दृष्टि दोषों की बढ़ती समस्या को देखते हुए संतुलित आहार में विटामिन ए युक्त भोजन जैसे पालक, गाजर, पपीता, आम, अंडा, मछली और दूध को शामिल करने पर जोर दिया गया।

### सामान्य नेत्र सुरक्षा के बताए गए उपाय

आंखों को दिन में दो बार साफ पानी से धोना, साफ तौलिया का उपयोग करना। तेज रोशनी और धूप से बचाव हेतु चश्मे का प्रयोग हेतु कहा गया। नेत्र पर चोट या कुछ गिरने की स्थिति में मलने के बजाय साफ पानी से धोना। चलती बस मेंए लेटे हुए या कम रोशनी में न पढ़ने की सलाह दी गई। बाजार में बिकने वाली बिना पर्ची की आंखों की दवा से परहेज और डॉक्टर से ही परामर्श लेने की अपील की गई।

### निःशुल्क नेत्र जांच व इलाज की सुविधा

आंखों की जांच मेडिकल कॉलेज एवं सभी जिला चिकित्सालयों में नेत्र विशेषज्ञ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नेत्र सहायकों द्वारा नेत्रों का निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जाता है। 40 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को मोतियाबिंद की जांच नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र जिला चिकित्सालय में कराते रहना चाहिए, जहां मोतियाबिंद की निःशुल्क जांच उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।



## विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**जशपुरनगर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बगीचा के छात्रों ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। डीएवी विद्यालय परिवार के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय खेल 2025 की दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जगदलपुर ,जिला बस्तर, छत्तीसगढ़ में किया गया।

■ राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बनाई जगह

इस प्रतियोगिता में बगीचा के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्र संस्था प्रमुख उदय प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन तथा शिवदत्त पाठक के नेतृत्व में शामिल हुए। प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊंची कूद, शतरंज, तवा फेंक (डिस्कस थ्रो) आदि खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। अभिभावकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है, साथ ही खेलों से उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है।

शतरंज में प्रिंस ठाकुर, प्रांजल शर्मा, तनिष्क गुप्ता और मन गुप्ता (अंडर-17) ने उम्दा खेल दिखाया। वहीं ऊंची कूद और लंबी कूद में कक्षा 11वीं की छात्रा ममता विश्वकर्मा (अंडर-17 महिला वर्ग) तथा चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो) में सुष्मिता कुजूर (अंडर-17) ने शानदार प्रदर्शन कर क्लस्टर स्तर से राज्य स्तरीय खेल में स्थान बनाया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी इन विद्यार्थियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा। कक्षा 7वीं के छात्र मन गुप्ता ने लगातार पाँच सेट जीतकर राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जगह बनाई, जबकि प्रिंस ठाकुर ने पाँच में से चार जीत और एक ड्रॉ खेलकर अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में चयन पाया। महिला वर्ग (अंडर-17) में ममता विश्वकर्मा ने ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुईं।

## हाऊसिंग बोर्ड कार्यालय की जर्जर अवस्था का जिम्मेदार कौनः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



ओडिशा राज्य आवास बोर्ड ओएसएचबी के राउरकेला कार्यालय की जर्जर और निष्क्रिय स्थिति के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी ओडिशा के अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए तत्काल क्रियाशील बहाली की मांग की, ताकि हाऊसिंग बोर्ड से जुड़े कार्यों के लिए निवासियों को भुवनेश्वर दौड़ने से मुक्ति मिले। डॉ. यादव ने कहा कि राउरकेला को राज्य सरकार की सौतेली नीतियों का शिकार बनाया गया है। ओएसएचबी कार्यालय की दुर्दशा इसका प्रमाण है। एनसीपी मांग करती हैं कि इसे पूर्ण क्रियाशील बनाया जाए, अनावश्यक राजधानी यात्राओं से बचाया जाए। इसकी स्थापना 1968 में हुई, राउरकेला कार्यालय 1976 से सक्रिय है लेकिन अब प्रायः मृतप्राय है। वहीं 1981-85 में 6,000 आवास इकाइयां बनाईं गईं। उपेक्षा की शुरुआत हुई 1990 से और प्रत्यक्ष रूप से भुवनेश्वर पर फोकस किया गया। राउरकेला में कोई नई परियोजना नहीं, जहां भुवनेश्वर में 20,000 इकाइयां है। साख मे गिरावट 2018 से आरम्भ हुई और अब मात्र 6 कर्मचारियों के साथ कार्यालय कार्यरत व कोई नई बहाली नहीं हुई। 2022 के वादे हवाहवाई हुई और 2023-24 में शिकायतें लगातार बढ़ीं। वर्तमान में यह कार्यालय चंद कर्मचारियों के साथ विकृत स्थिति में है। यह घटनाक्रम राउरकेला के प्रति सौतेले व्यवहार को दर्शाता है, जहां पूर्व बीजेडी सरकार ने उपेक्षा की वहीं अब कोई दृस्टिगोचर कार्रवाई नहीं की जा रही है। डॉ. यादव ने चेतावनी दी है कि यदि प्रतिष्ठापूर्ण पुनः बहाली न हुई तो जन आंदोलन शुरू होगा।

### शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहनी-तिलहनी फसलों की होगी खरीदी

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री के द्वारा देश के अन्नदाता किसानों के लिए महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा के अंतर्गत प्राईज सपोर्ट स्कीम पीएसएस लागू की गई है जिसके तहत अधिसूचित दलहनी एवं तिलहनी फसलों का उपार्जन के लिए नेशनल को.ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन इंडिया लिमिटेड एनसीसीएफ के साथ प्रत्येक विकासखण्ड में उपार्जन केन्द्र चयनित निर्धारित किया गया है जिसमें विकासखण्ड खरसिया में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मुरा, विकासखण्ड पुसौर में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कोतरा, विकासखण्ड घरघोड़ा में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कुडुमकेला एवं प्राथमिक सेवा सहकारी समिति लैलूंगाए, विकासखण्ड तमनार में प्राथमिक सेवा सहाकारी समिति तमनार तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति धरमजयगढ़ एवं छाल का चयन किया गया है। इस योजनांतर्गत खरीफ में उत्पादित मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली का उपार्जन निकट भविष्य में किया जाएगा। इसके उपरांत खरीफ अरहर तथा अन्य रबी फसलों यथा चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन अवधि 90 दिवस निर्धारित होगा।

## जनसुनवाई निरस्त कराने छात्रों ने घेरा पर्यावरण विभाग, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



14 अक्टूबर को तमनार में होने वाली जिंदल कंपनी की जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग करते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कॉलेज छात्रों ने पर्यावरण विभाग का घेराव कर दिया। वहीं गेट के सामने धरने पर बैठ कर जमकर नारेबाजी करने लगे। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा आश्वासन देने पर भी वे नहीं माने, जिससे मजबूरन एसडीएम को मौके पर आना पड़ा। एसडीएम के आश्वासन पर करीब तीन घंटे बाद आन्दोलन समाप्त हुआ। शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आरिफ हुसैन सहित सैकड़ों छात्र डिग्री कॉलेज में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी पैदल मार्च निकालते हुए पर्यावरण विभाग पहुंचे। जहां पहले से तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया, लेकिन अधिक संख्या में मौजूद छात्र गेट को धकेल कर अंदर प्रवेश किए। इसके बाद वो विभाग के गेट के सामने बैठ कर नारेबाजी करने लगे। राकेश पांडेय ने कहा कि रायगढ़ को औद्योगिकरण और खदानों के नाम से बर्बाद किया जा रहा है। रायगढ़ शहर के हृदय स्थल पर जिंदल समूह इतना बड़ा उद्योग खोल कर बैठा है और उसके यहां सारी सुविधाएं बाहरी लोगों को मिलती है। रोजगार बाहरी लोगों को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि तमनार उजड़ने की स्थिति में है, आने वाले दिनों में तमनार रायगढ़ के नक्शे से गायब हो जाएगा। जिला प्रशासन से मांग है कि जनसुनवाई को रद्द किया जाए।आगामी 14 अक्टूबर को तमनार में गारे पेलमा सेक्टर 1 कोयला खदान की जनसुनवाई होने वाली है। जिसमें 3020 हैक्टेयर भूमि में बसे दर्जनों गांव उजाड़े जाएंगे, हजारों पेड़ काटे जाएंगे। जिसमें हजारों की परिवार प्रभावित होंगे। रायगढ़ जिला और तमनार क्षेत्र उद्योगों और खदानों के कारण प्रदूषण की चपेट में है।अधिकारी के नहीं आने तक डटे रहे छात्रराकेश पांडेय ने कहा कि आज तक जिंदल या फिर कोई भी उद्योग के लोग किसी भी कॉलेज में कैंपस सलेक्शन करने नहीं आए हैं। क्योंकि वो स्थानीय युवाओं को रोजगार देना ही नहीं चाहते हैं। उनके प्रदर्शन को देख क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने उनसे कहा कि जनसुनवाई निरस्त करने के लिए बहुत सारे ज्ञापन आए हैं, जोकि विचाराधीन हैं, इस पर छात्र नहीं माने और प्रशासनिक अधिकारी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े रहे। दोपहर करीब 3 बजे एसडीएम महेश शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया कि वो इस संबंध में उच्चाधिकारियों से बात करेंगे, इसके लिए उन्हें समय दिया जाए। काफी मुश्किल के बाद छात्र माने और आन्दोलन को समाप्त किया।

■ एसडीएम के आश्वासन के बाद आन्दोलन किया गया समाप्त

## बच्चों ने लिया अधिकारियों का साक्षात्कार



**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान में कई तरह की शैक्षणिक गतिविधियां कराई जाती हैं। जिसकी वजह से संकल्प शिक्षण संस्थान की अपनी एक अलग पहचान है।इस बार दशहरा के प्रोजेक्ट वर्क में कक्षा 11 वीं के बच्चों को अलग तरह का कार्य हिंदी की शिक्षिका सीमा गुप्ता के द्वारा दिया गया, जिसमें उन्हें सफल अधिकारियों का इंटरव्यू लेना था।जिसके लिए उन्होंने बच्चों की 6 टीम बनाई थी। अपनी अपनी टीम का सभी को अपना एक यूनिक नाम भी रखना था ।जिसमें पहली टीम का नाम एलिट था। जिसका अर्थ है सर्वश्रेष्ठ। इस टीम में अंबिराज पहाड़िया ,जितेंद्र बंजारा, विवेक बंजारा , टीपेश प्रसाद यादव,प्रवीण कुमार और अंकित कुमार यादव थे।

इस टीम को एस एसपी शशि मोहन सिंह का साक्षात्कार करना था ।जब बच्चे एसपी के पास पहुंचे तो उन्होंने बड़ी गर्मजोशी के साथ बच्चों का स्वागत किया और बच्चों के सवालों का और उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान उनके द्वारा किया गया। बच्चों के द्वारा जब यह कहा गया कि हम भी आपकी तरह प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं इसके लिए हमें क्या करना चाहिए तो पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आपको अपनी ऊर्जा को सही जगह लगाना है हर व्यक्ति में ऊर्जा निहित है। लेकिन हम उसका प्रयोग सही जगह नहीं करते आप लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी ।उन्होंने अपने पुलिस कैरियर के अलावा अपने द्वारा अभिनीत फिल्मों के बारे में भी बच्चों से बात की और बच्चों की विशेष अनुनय पर अपनी स्वरचित कविता भी सुनाई। उन्होंने यह भी बताया कि वह बचपन से ही पुलिस ऑफिसर बनना चाहते थे क्योंकि उन्हें एक्शन में बहुत रुचि थी और जब फिल्मों में पुलिस को एक्शन करते देखते थे तो उन्हें बहुत अच्छा लगता था।

दूसरी टीम का नाम ड्रीमर्स स्टार्स था ,जिसका मतलब है चमकते सितारे ।इस टीम में रितु कुर्रे, करीना टोप्पो, दीप्ति ,माही डनसेना ,जिया नायक और रितु राठिया थे इस टीम को सीईओ अभिषेक कुमार का इंटरव्यू लेना था ।जब बच्चे उनके पास पहुंचे तो उन्होंने अपने व्यस्ततम समय से बच्चों के लिए समय निकाला और बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान किया । तीसरी टीम का नाम द विज किड्स था । जिसका अर्थ है विशेषज्ञ बच्चे। इसमें रानी नाग, आंचल पैंकरा ,माधुरी पैंकरा ,गंगावती यादव, पूनम यादव और लक्ष्मी यादव शामिल थे ।

### शासकीय प्राथमिक शाला कसैया में सामाजिक अंकेक्षण

**घरघोड़ा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला कसैया संकुल कन्या घरघोड़ा में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड पार्षद बैतल राठिया की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे और अंकेक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के सदस्य सुख सिंह राठिया, उपाध्यक्ष श्रीमती राधा भुइया, शिक्षाविद् उद्धव बारिक, बेदराम राठिया, हीरा लाल भोय सहित विद्यालय के प्रधान पाठक अब्दुल राशिद की उपस्थिति रही। अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति, आधारभूत सुविधाएं एवं सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सुदृढ़ करना रहा। अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से शिक्षा के स्तर को और ऊँचा उठाने का संकल्प लिया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में 107 गर्भवती माताओं की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशन एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 9 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और परामर्श प्रदान किया गया। अभियान के दौरान कुल 107 गर्भवती माताओं का पंजीयन किया गया। सभी को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाइयों की सुविधा प्रदान की गई। साथ ही 32 गर्भवती महिलाओं का निः शुल्क सोनोग्राफी परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान 20 उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की पहचान की गई, जिन्हें विशेष चिकित्सा सलाह और उचित उपचार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के नियमित आयोजन से मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिल रही है। इस अभियान के माध्यम से उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान समय रहते की जा रही है, जिससे उन्हें आवश्यक उपचार का लाभ समय पर मिल पा रहा है। कलेक्टर व सिविल सर्जन ने की अपील 9 और 24 तारीख को पहुंचे शिविर में सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को हर माह की 9 एवं 24 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में अवश्य लेकर आएं, ताकि सभी को समय पर जांच और परामर्श का लाभ मिल सके।

## पेज 1 के शेष...

ओडिशा से पकड़े ...

जिले के ग्राम वलींगा में दबिश दी और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा उन्हें रायगढ़ जिले के एक व्यक्ति द्वारा बिक्री हेतु दिया गया था।पुलिस ने उस व्यक्ति को भी चिन्हित कर लिया है, जो फिलहाल फरार है। उसकी तलाश जारी है।आरोपियों के विरुद्ध थाना बागबहार में धारा 8, 20(बी)(2)(सी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।मामले की कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक शर्मा, सहायक उप निरीक्षक रामप्रसाद साहू, प्रधान आरक्षक लव चौहान, महिला प्रधान आरक्षक अलिका पैंकरा, आरक्षक पवन पैंकरा और अजय खेस की सराहनीय भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि गांजा तस्करी में शामिल तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। जिले में नशे के कारोबार में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।"

पुलिस ने चोरी ...

मोबाइल फिर कभी मिल पाएगा। वहीं, एसएसपी ने मोबाइल वापसी के साथ ही नागरिकों को जरूरी हिदायत दी।मोबाइल फोन अब केवल बात करने का जरिया नहीं, बल्कि हमारे निजी और वित्तीय डेटा का भंडार है। अगर यह गलत हाथों में पड़ जाए तो इसका दुरुपयोग गंभीर साइबर अपराध के रूप में हो सकता है। इसलिए मोबाइल को संभाल कर रखें और पासवर्ड या सिक्योरिटी लॉक का प्रयोग अवश्य करें। मोबाइल खोज अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साइबर सेल के अधिकारी व कर्मचारी को एसएसपी शशि मोहन सिंह ने नकद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने का कार्य करती हैं और साइबर अपराधों से निपटने में भी मददगार साबित होती हैं। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, उप निरीक्षक नसीरुद्दीन अंसारी, साइबर सेल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सभी मोबाइल मालिक मौजूद रहे। एसएसपी ने अंत में कहा कि पुलिस का प्रयास केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की सुरक्षा और विश्वास कायम रखना भी प्राथमिकता है।

उची पहाड़ियों एवेंचर...

परेशानी का कारण तो बनती है, लेकिन दृश्यों की सुंदरता इस चुनौती को भुला देती है। दनगिरी जलप्रपात को देखने के लिये छत्तीसगढ़ के आलावा अन्य राज्यों से पर्यटक आ रहें है। खास बात यह है कि मुख्य मंत्री विष्णु देव साय जलप्रपात तक पहुँचने वाली सड़क को जल्द ही पक्का करने की योजना बनाई है। इससे आने वाले समय में पर्यटकों के लिए यहाँ पहुँचना और सुविधाजनक हो जाएगा। दानगिरी जलप्रपात न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यहाँ आने से स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण इलाकों में पर्यटन के विकास से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411